'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा 14 से

भीलवाड़ा। 'स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत इस वर्ष भी देश भर में गांधी जयंती 2 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाना है। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 14 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर जिले में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा। विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि नगरीय निकायों की ओर से हर एक गली, करबे और बाजार को साफ रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। लेकिन सभी को साथ लेकर इस प्रयास को पूरी तरह धरातल पर उतारा जाएगा। स्वच्छता क्विज, वृक्षारोपण, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता दौड़ आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के दौरान अभिनव गतिविधियां जैसे- स्वच्छ स्ट्रीट फूड चैलेंज, कचरे से कला, पुनर्चक्रित उत्पादों की बिक्री, स्वच्छ भारत मिशन सांस्कृतिक उत्सव आदि कार्यक्रमों के आयोजन किये जाएंगे। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर अभियान के तहत सफाई मित्रों (स्थाई, अस्थाई कर्मचारी, रैगपिकर्स, मैनुअल स्कैवेन्जर्स) हेतु एकल खिडकी स्वास्थ्य एवं कल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

सांसद अग्रवाल का सिंधी समाज ने किया अभिनंदन

भीलवाड़ा। शहर के टंकी के बालाजी के सामने स्थित भाजपा कार्यालय पर सांसद दामोदर अग्रवाल के जन्मदिन पर सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स समिति के सदस्य विनोद झुरानी, भारतीय सिंधु सभा के संभाग प्रभारी वीरूमल पुरुशानी, संरक्षक भगवानदास नथरानी, जिलाध्यक्ष परमानंद गुरवानी, महानगर अध्यक्ष परमानंद तनवानी एवं सिंधी समाज के समाजसेवी लीलाराम सभरवानी, रमेश कुमार खोजावानी, मोहन लुधानी, हरिकिशन टहलरानी, महेश दरियानी, मनीष सबदानी, सर्व सिन्धी समाज महासभा भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष राजकुमार खुशलानी एवं उपाध्यक्ष गुलशन कुमार विधानी ने बुके देकर स्वागत अभिनंदन किया।

गौ-चिकित्सालय से गायों को समय पर मिलेगा त्वरित और प्रभावी उपचार

कोटड़ी में श्री सुरभि गौ-चिकित्सालय, गौ गृह एवं आईटीआई ओर सामुदायिक भवन ।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गौमाता का सनातन संस्कृति में हमेशा से सर्वोच्च स्थान रहा है। गौ-वंश की अपार महिमा के चलते ही छोटे से लेकर बड़े अनुष्ठानों में गाय को पूजा जाता है। गाय को आर्थिक समृद्धि, कृषि और आयुर्वेद का आधार एवं पर्यावरण संरक्षक माना गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी प्रदेश में गोवंश संरक्षण और गोपालकों की सहायता के लिए निरंतर अहम निर्णय ले रही है जिससे गोवंश का संरक्षण और संवर्द्धन सुनिश्चित हो सके। सीएम शर्मा शुक्रवार को शाहपुरा जिले के कोटड़ी में श्री सुरभि गौ-चिकित्सालय, गौ गृह एवं आईटीआई भवन के उद्घाटन और सामुदायिक भवन एवं किसान प्रशिक्षण सभागार के विस्तारीकरण के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की देवनारायण गौशाला में आधुनिक गौ चिकित्सालय की कमी के चलते श्री सुरभि चिकित्सालय का शुभारंभ किया गया है। इस गौ चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने से अब गोवंश का उपचार त्वरित और प्रभावी रूप से हो सकेगा। उन्होंने दानदाताओं-भामाशाहों का इस चिकित्सालय में व्यापक प्रबंधन के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता की देखभाल और उसका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इस महती जिम्मेदारी को समझकर गौमाता के गौरव को लोटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

राज्य सरकार प्रदेश में गोवंश संरक्षण और गोपालकों की सहायता के लिए जरूरी कदम उठा रही है। गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से गोपालकों के लिए एक लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण, पंजीकृत गोशालाओं के अनुदान में 10 प्रतिशत वृद्धि, 100 गोशालाओं को रियायती दरों पर गो काष्ठ मशीन उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न कार्य गौमाता के संवर्धन के लिए किए जा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संकल्प पत्र तथा बजट में किए गए सभी वादों को धरातल पर उतारने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने आवश्यक किया कि संकल्प पत्र में किए प्रत्येक वादे को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेपरलीक प्रकरणों में एसआईटी द्वारा अब तक 115 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन प्रकरणों में छोटी मछलियां ही नहीं मगरमच्छ भी पकड़े जा रहे हैं। युवाओं के सपनों पर कुठाराघात करने वाले किसी भी अपराधी को नहीं बख्शा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों के उत्थान के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। बजट में शाहपुरा जिले के विकास का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण एवं चौडाईकरण कार्य करवाए जाएंगे जिससे शाहपुरा में सुदृढ़ सड़क तंत्र विकसित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए यहां पीपलूंद में औद्योगिक क्षेत्र तथा पंडेर में औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे। साथ ही, जहाजपुर में कन्या महाविद्यालय, कोटड़ी में नवीन महाविद्यालय, जहाजपुर में जनजाति छात्रावास और सरसिया में जनजाति बालिका छात्रावास खोलने जैसे अहम निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों एवं चिकित्सालयों का क्रमोन्नयन भी किया जा रहा है। बनेड़ा में खेल स्टेडियम, शाहपुरा में खेल अकादमी और काले हिरणों के संरक्षण के लिए शाहपुरा के आसोप क्षेत्र को आबेंट निषिद्ध एवं कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र भी घोषित किया है।

श्री चारभुजा नाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने किए दर्शन

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटड़ी के चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में भगवान श्री चारभुजा नाथ और श्री सर्वेश्वर महादेव के दर्शन किए। उन्होंने यहां पुजा-अर्चना कर प्रदेश एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

फटाफट

श्री गणेश चतुर्थी आज, प्रतिमाओं की खरीद रही जोरों पर

भीलवाड़ा। शहर समेत जिलेभर में शनिवार को श्री गणेश चतुर्थी पर घरों व पांडालों में गणपति ठाठ बाठ से बिराजमान होंगे। इसे लेकर बाजारों में श्री गणेश की प्रतिमाओं सहित अन्य जरूरी चीजों की खरीददारी बढ़ गई है। पांडाल तैयार किए जा रहे है बरसात में वाटरप्रूफ पांडाल का निर्माण करवाया जा रहा है। उधर शहर में गांधीनगर के श्री गणेश मंदिर, रोडवेज बस स्टैंड श्री गणेश मंदिर, काशीपुरी श्री गणेश मंदिर, रोकड़िया श्री गणेश मंदिर समेत अन्य श्री गणेश मंदिरों में रंगरोगन समेत सजावट के सारे काम पूरे किए जा चुके है। रात को सभी मंदिर आकर्षक रोशनी से जगमगाएंगे। प्रतिमाओं का भी नयनाभिराम श्रृंगार किया जा रहा है। शनिवार को प्रतिमाओं के सुबह विराजित होने के बाद शाम से ही पांडालों में डांडियों की खनक व विभिन्न धार्मिक प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हो जाएगा जो अनंत चतुर्दशी तक जारी रहेगा। शहर के के बाजारों में गणेश चतुर्थी से पहले उत्सव का माहौल है। पुर रोड, बड़ला चौराहा, रामद्वारा रोड समेत कई स्थानों पर विभिन्न स्वरूपों की मिट्टी व अन्य इको फ्रेंडली आकंषक प्रतिमाएं बिक रही है। कई घरों मे महिलाएं व बालिकाएं गणपति को तैयार कर वह गणेश चतुर्थी के दिन विराजित करने को लेकर काफी उत्साहित है। शहर में प्रतिमाएं बेचने आए गोलू-मोलू का कहना है कि इस बार पानी को दूषित होने से बचाने के लिए इंको फ्रेंडली प्रतिमाओं की मांग काफी ज्यादा है। मूर्तिकारों ने भी मिट्टी, पेपर-माशे, पुराने कपड़े और बांस की मदद से प्रतिमाएं बनाई है जो पानी में पूरी तरह से घुल जाती है और पर्यावरण को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाती हैं। खास बात यह है कि इन्हें बनाने में हानिकारक रसायनों और रंगों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। ऐसे में यह जल और भूमि के प्रदूषण को कम करने में मददगार साबित हो रही हैं।

सांप्रदायिक सौहार्द, समरसता पूर्वक मनाये त्योहार : मेहता

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

जिला कलेक्टर नमित मेहता ने उपखंड तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि आगामी त्योहारों के मध्य नजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारी सतर्क रहें। आमजन सांप्रदायिक सौहार्द, समरसता पूर्वक तथा सद्भावनापूर्वक त्योहारों को मनाए इसके लिए फील्ड मशीनरी को एक्टिवेट रखें। शांति समिति की बैठक आयोजित करें। कोई भी असामाजिक तत्व शांति एवं कानून व्यवस्था नहीं बिगाड़े, इसके लिए उपखंड अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी क्षेत्र में मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट से आयोजित वीसी में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा-जुलूस तथा शोभायात्रा चिन्हित मार्ग से ही निकले इसका ध्यान रखें। आगामी त्योहारों के मध्य नजर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों जुलुस, शोभायात्रा, मेले आदि में सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी से सोहार्दपूर्ण परम्परा के अनुरूप सद्भावना, शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार को मनाने की अपील की। उन्होंने पर्व के दौरान साफ-सफाई तथा आवश्यक व्यवस्था के संबंध में सर्व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्यौहार को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने अधिकारियों से कहा कि आयोजकों से निरंतर संपर्क में रहे, स्वयं के स्तर पर बैठके करें। त्यौहारों को देखते हुए बारिश के मध्य नजर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रहें। कार्मिकों की नियुक्ति करें। आवश्यकता अनुरूप सीसीटीवी कैमरा लगाए रखें। पुलिस अलर्ट मोड पर रहे व बेहतर पुलिसिंग द्वारा जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखी जाए। संवेदनशील क्षेत्रों की ड्रोन व वीडियोग्राफी द्वारा बारीकी से नजर रखी जाए व असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन्हें पाबंद किया जाए। जिला मुख्यालय से बैठक में एडीएम प्रशासन रतन कुमार, एडीएम सिटी वंदना खोरवाल, एएसपी विमल सिंह, सीईओ जिला परिषद शिवपाल जाट, एसडीएम एएन सोमनाथ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

साइकिल पोलो ट्रायल 15 को

भीलवाड़ा। जिला स्तरीय सीनियर पुरुष साइकिल पोलो चयन ट्रायल 15 सितम्बर को सुबह 9 बजे पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान तिलक नगर मे होगी राजस्थान साइकिल पोलो एसोसिएशन सयुंक्त सचिव व जिला सचिव शंकर चन्देरिया ने बताया कि खिलाड़ी अपना आधार कार्ड व दसवीं की अंकतालिका की फोटू काफी अवश्य साथ लानी होगी ट्रायल के आधार पर चयन किया जाएगा।

शिक्षा और चिकित्सा में जागरूक समाज ही बढ़ेगा उन्नति की ओर

श्री नगर माहेश्वरी सभा की साधारण वार्षिक बैठक।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

श्री नगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा की साधारण वार्षिक बैठक अध्यक्ष केदार गगरानी के नेतृत्व मे हरणी महादेव रोड स्थित रामेश्वरम भवन में हुई। अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा पूर्व सभापति रामपाल सोनी, प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, केलाश कोठारी, राधेश्याम सोमानी, अशोक बाहेती, एडवोकेट केदार जागेटिया, केदार गगरानी, संजय जागेटिया द्वारा भगवान महेश की पूजा अर्चना व द्वीप प्रज्जवलन कर बैठक की शुरुआत की। कोषाध्यक्ष गोपाल नरणीवाल द्वारा महेश नवमी 2024 के आय-व्यय प्रस्तुत किया जिसका सदन द्वारा अनुमोदन की। अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा पूर्व सभापति रामपाल सोनी ने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन और विकास का एक माध्यम है। जिस समाज में शिक्षा और चिकित्सा है वही समाज उन्नति की ओर बढ़ेगा। सोनी द्वारा माहेश्वरी महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर टीकाकरण एवं माहेश्वरी परिवार का सामूहिक बीमा करवाने हेतु जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, जगदीश कोगटा, कैलाश कोठारी, राधेश्याम सोमानी, अशोक बाहेती ने भी विचार रखे। मंत्री संजय जागेटिया द्वारा सभी का आभार जताया। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि प्रहलाद राय लढ़ा, राजेन्द्र बिरला, सुरेश कचोलिया, राजेंद्र पोरवाल, सुशील मरोटिया, रामकिशन सोनी, महेंद्र काकानी, राजेन्द्र कचोलिया, राधेश्याम सोमानी (मस्कधरा), सुरेश बिरला, केजी राठी, केदार जागेटिया, अतुल राठी, अभिजीत शारदा, प्रहलाद नुवाल, दिनेश पेडीवाल, महावीर समदानी, गोपाल नरानीवाल, प्रमोद डाड आदि उपस्थित रहे।

त्यौहारों को लेकर कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

भीलवाड़ा। जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता ने गणेश चतुर्थी, संवत्सरी, रामदेव जयंती, तेजा दशमी, जलझूलनी एकादशी व बारावफात (चांद से), अनन्त चतुर्दशी के त्यौहार एवं अवसरों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है। कोतवाली एवं भीमगंज थाना क्षेत्र के लिए विशेषाधिकारी नगर विकास न्यास मोहम्मद ताहिर, सुभाषनगर एवं सदर थाना क्षेत्र के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट आव्रादा निवृत्ति सोमनाथ, प्रतापनगर एवं पुर थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार दिनेश कुमार यादव को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी प्रकार मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवपाल जाट, तहसीलदार नगर विकास न्यास नीरज रावत तथा महेश चन्द्र लक्षकार तहसीलदार भू-अभिलेख, मोहनलाल रेगर उप पंजीयक-प्रथम तथा नायब तहसीलदार सुरजाण पवनेश कुमार शर्मा को आरक्षित कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

खारी बांध पर चली चादर

आसीन्द। खारी बांध की रपट चलने को लेकर उपखंड अधिकारी उम्मेद सिंह राजावत, पुलिस उपाधीक्षक हेमंत नांगीया, तहसीलदार भंवरलाल सेन, नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, अधिशासी अधिकारी राघव मीणा, सीआई हंसपाल सिंह चौहान, जल संसाधन विभाग के सहायक कनिष्ठ अभियंता देवेंद्र वगड़ी नगर पालिका जईन राजमल गुर्जर, शुक्रवार पोहर खारी नदी पहुंचकर जेसीबी द्वारा अतिक्रमण हटाते हुए वर्षो से पड़े अवरुद्ध नालों की साफ सफाई की करवे वासियों बहाव क्षेत्र की भी अधिकारियों ने जानकारी ली अध्यक्ष देवीलाल साहू ने नगर पालिका के कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए की किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कर्मचारी सर्वक रहे क्योंकि हिर बांध मे देवगढ़, ताल, तसानी मे शुक्रवार प्रात तेज मुसलधाधार वर्षा होने के कारण खारी मे जलस्तर बढ़ गया है।

मुंडडा अध्यक्ष, सदादानी मंत्री निर्विरोध निर्वाचित

भीलवाड़ा। महेश चवत एवं साख सहकारी समिति लिमिटेड संजय कॉलोनी भीलवाड़ा के चुनाव निर्विरोध रूप से शुक्रवार को संपन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष केलाशचंद्र मुंदडा, उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र समदानी, मंत्री श्याम सुंदर समदानी, कोषाध्यक्ष रतनलाल सांमरिया, कार्य समिति सदस्य केलाश चंद्र डाड, सत्यनारायण सोमानी, चंद्रेश कुमार मुंदडा के साथ ही क्षेत्रीय प्रतिनिधि के रूप मे रामराय गट्टानी, मुकेश कारट, बालमुकुंद राठी, लक्ष्मी लाल लढ्ढा को मनोनित किया गया।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: B-802; टीको ओद्योगिक क्षेत्र, फेस-II, झिराणी, राजस्थान
सीआईएन: L74999MJ1992PLC003387
फोन: 01-7239900 | **ईमेल:** cs@titanbiotechltd.com
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

वीडियो कॉन्फ्रेंस या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों और डिमेट ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से आयोजित होने वाली टाइटन बायोटेक लिमिटेड की 32वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और तत्समय प्रचिलत संशोधनों 14/2020, संख्या 17/2020, संख्या 20/2020, संख्या 02/2021, संख्या 2/2022, संख्या 10/2022 और संख्या 09/2023 क्रमशः दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021, 5 मई, 2022, 28 दिसंबर, 2022 और 25 सितंबर, 2023 (इसके बाद, सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) और SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 7 अक्टूबर, 2023 के साथ पठित और इस संबंध में पहले के परिपत्रों के के साथ पठित (इसके बाद, सामूहिक रूप से "सेबी परिपत्र" के रूप में संदर्भित और एमसीए परिपत्रों के साथ "परिपत्र" के रूप में संदर्भित), और इसके तहत बनाए गए नियमों के अनुपालन में, कंपनियों को सेबी या अधिनियम के माध्यम से अपनी वार्षिक आम बैठकों आयोजित करने की अनुमति दी गई है। कंपनी अधिनियम, 2013 (यथा संशोधित) ("अधिनियम") और उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (संशोधित) ("सूचीबद्धता") के परिपत्रों और प्रासंगिक प्रावधानों के अनुपालन में विनिर्माण") कंपनी के सदस्यों की 32वीं एजीएम **शनिवार, 28 सितम्बर, 2024 अपराह्न 03:00 बजे** एजीएम सूचना की सूचना में निर्धारित व्यवसायों को तत्पश्चित करने के लिए वीडियोकांफ्रेंस द्वारा प्रदत्त की गई सुविधा (वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम की सूचना, वित्तीय विवरण और अन्य वैधानिक रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com, www.bseindia.com पर उपलब्ध है और इसे अन्य स्टॉक एक्सचेंजों को भी भेज दिया गया है जहां कंपनी के प्रतिभूति इक्विटी सूचीबद्ध हैं, निवेशकों से इसे अपनी ईमेल वेबसाइटों अर्थात, www.bseindia.com पर प्रकाशित करने में सहायता हो सके। वोटिंग ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाली एजीएम यानी ईमेलिंग सेवाओं www.cdslindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम की सूचना, वित्तीय विवरण और अन्य वैधानिक रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com, www.bseindia.com पर उपलब्ध है इसके अतिरिक्त, एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2023-2024 के साथ सीडीएसएल की वेबसाइट www.cdslindia.com पर और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगी, जिस पर कंपनी की प्रतिभूतियाँ सूचीबद्ध हैं यानी पात्र सदस्य केवल सीधी सुविधा/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, जिसका विवरण कंपनी द्वारा बैठक की सूचना में प्रदान किया जाएगा वार्षिक रिपोर्ट 2023-2024 के साथ एजीएम की सूचना इलेक्ट्रॉनिक रूप से केवल उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। इसके अलावा, एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की कोई भौतिक प्रतियां किसी भी सदस्य को नहीं भेजी जाएंगी।

जिन सदस्यों ने अभी तक अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करें:

एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट की सूचना इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने और डिमेट ई-वोटिंग के लिए लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल पते को पंजीकृत कराने के लिए:

क. भौतिक शेयरधारकों के लिए- कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति) जैसे आवश्यक विवरण ISR फॉर्म के साथ भौतिक रूप में/लिखा हुआ cs@titanbiotechltd.com / beetalrta@gmail.com पर प्रदान करें।

ख. डिमैट शेयरधारकों के लिए - कृपया डीपीआई साइज, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन कॉपी) cs@titanbiotechltd.com / beetalrta@gmail.com पर भेजें।

जिन सदस्यों ने इलेक्ट्रॉनिक विनिमेटेड शेयर या किसी अन्य माध्यम से कोई अपनी डिमैट अकाउंट खाता प्राप्त करने के लिए अपनी बैंक खाते का विवरण अपडेट नहीं किया है, वे 30 सितंबर, 2024 को या उससे पहले नीचे दिए गए निर्देशों का पालन कर सकते हैं:

भौतिक रूपमा	डिमैट खाते को पंजीकृत कराने के लिए कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को beetalrta@gmail.com पर एक अनुरोध भेजें, जिसमें फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई कॉपी (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्वयं-सत्यापित स्कैन कॉपी), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन कॉपी) प्रदान करें। बैंक खाता विवरण अपडेट कराने के मकसद से निम्नलिखित अतिरिक्त विवरण प्रदान करने की आवश्यकता है: क) उस बैंक का नाम जोड़ा जाना जिसमें आप लाभांश प्राप्त करना चाहते हैं, बी) बैंक खाता प्रकार, ग) कोर बैंकिंग समाधान के कार्यान्वयन के बाद उनके बैंकों द्वारा आवंटित बैंक खाता संख्या घ) 9 अंकीय एमआईसीआर कोड संख्या, और ई) 11 अंकों का आईएफएससी कोड (नोट: पहले शेयरधारक के नाम वाले एक सिंगल बैंक की लेजर की गई कॉपी)
डीमैट होल्डिंग	कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से अपनी कार्ड और अपने डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार अपना डिमैट पेज और बैंक खाता विवरण अपने डीमैट खाते में पंजीकृत करें।

सदस्यों को प्रदान द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि:

1. अधिनियम की धारा 108 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 (संशोधित) के नियम 20 और लिस्टिंग विनियमों के विनियम 44 के अनुसार, कंपनी एजीएम में लेन-देन किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में अपने सदस्यों को सीडीएसएल के माध्यम से ई-वोटिंग सुविधाएं प्रदान करने में प्रसन्नचित्त है। बैठक के दौरान डिमैट ई-वोटिंग के साथ-साथ ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट डालने का दावेदार और रिमोट वोटिंग के साथ प्रदान किए गए हैं।
2. नोटिस में विनिर्दिष्ट व्यवसाय केवल ई-वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा। डिमैट लेन-देन-और-जेन कार्ड-ओन डिमांड, 23 सितंबर 2024 को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी मालिकों की सूची में दिखाई देते हैं, ई-वोटिंग सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे। एक बार किसी भी सदस्य द्वारा प्रस्तुत मतदान पर वोट डाला दिया जाता है, जो उसे बाद में बदला नहीं जा सकता है। रिमोट ई-वोटिंग 26.09.2024 (मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे (IST) से शुरू होकर दिनांक 28.09.2024 (गुरुवार) को सायं 17:00 बजे (IST) पर समाप्त होगा। (इसके बाद, रिमोट ई-वोटिंग ई-वोटिंग का संचालन 29.09.2024 को शाम 17:00 बजे के बाद अक्षम कर दिया जाएगा। एक व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि, यानी सोमवार, 23 सितंबर 2024 को सदस्य नहीं है, उसे नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से लेना चाहिए।
3. एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे www.evotingindia.com के माध्यम से ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम के दौरान अपने मतदान अधिकारों का प्रयोग करने के पात्र होंगे जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपने मतदान अधिकारों का प्रयोग किया है, वे भी वीसी या ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन एजीएम के दौरान दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।
4. कोई भी व्यक्ति, जो कंपनी के इक्विटी शेयर प्राप्त करता है और कंपनी बनने के बाद सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि, यानी, सोमवार, 23 सितंबर 2024 को शेयर रखता है, सीडीएसएल को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर या कंपनी को beetalrta@gmail.com पर अनुरोध भेजकर ई-वोटिंग के लिए लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। जो सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के लिए पहले से ही सीडीएसएल के साथ पंजीकृत हैं, वे ई-वोटिंग के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग कर सकते हैं।
5. अधिनियम की धारा 20 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 (संशोधित) के नियम 20 के अनुसार, लिस्टिंग विनियमों के विनियम 42 के साथ पठित, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स 24 सितंबर, 2024 (मंगलवार) से 30 सितंबर, 2024 (सोमवार दिन समेतिकर) एजीएम के प्रयोजन के लिए और सदस्यों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए, जो एजीएम में उपस्थित होने या लाभांश प्राप्त करने के हकदार होने के लिए बंद रहेंगी।
6. किसी भी प्रश्न या सामग्री के मामले में, आप हमारुपर अनुभाग के अंतर्गत www.evotingindia.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं। हेल्पडेस्क माध्यम से मदतन की सुविधाओं को संबोधन करनी, सीएस पंकज, (सीटीएसएल) बीटल फिनांसियल सर्विसेज (प्रा0) लिमिटेड, ए विंग, दूसरी मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्वी), मुंबई - 400013 को संपर्कित की जा सकती है या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल भेजें या दोस्त की कॉल 1800 21 09911 पर कॉल करें।

लाभांश अधि 1 अप्रैल, 2020 से सदस्यों के हाथों कर योग्य होगी और कंपनी को आयकर अधिनियम, 1961 में निर्धारित दरों पर सदस्यों को भुगतान किए गए लाभांश से टीडीएस पर कटौती (स्रोत) करना आवश्यक है। कृपया प्रासंगिक विवरण **22.09.2024** को या उससे पहले **beetalrta@gmail.com / cs@titanbiotechltd.com** पर भेजा जाए। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.titanbiotechltd.com** पर देखें।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
चरणजीत सिंह
(कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी)

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 07/09/2024